# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (21.02.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 21.02.2025, PAGE-06




वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में पैट 2022 के कोर्स वर्क कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

# पीजी विभागों में कोर्स वर्क शुरू

मुजफ्फरपुर। वाणिज्य और प्रबंधन विभाग में गुरुवार को पैट 2022 का ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। जूलॉजी विभाग में भी पैट के छात्रों का इंडक्शन मीट आयोजित किया गया। कॉमर्स व मैनेजमेंट विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. रवि कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह कोर्स वर्क आप सभी के लिए वरदान साबित होगा। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के डीन प्रो. सैयद आले मुजतबा ने बताया कि आप सभी नव नामांकित शोध के छात्र हैं। आप में शोध के क्षेत्र में कुछ अलग करने की क्षमता निहित है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:21.02.202, PAGE-06

## पीजी में दाखिले की विवि करेगा पहल

हि असर

- बिहार छात्र संघ ने कुलसचिव से मिलकर रखी बात
- चार वर्षीय बीएड के छात्रों का पीजी में दाखिले का मामला



मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में चार वर्षीय बीएड के छात्रों का एक वर्ष के पीजी में दाखिले के लिए विवि प्रशासन पहल करने जा रहा है। इस मामले को 20 फरवरी को आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने प्रमुखता से छापा था। खबर छपने के बाद बिहार छात्र संघ के प्रतिनिधि कुलसचिव प्रो. संजय कुमार से मिले।

छात्रों ने कुलसचिव से मिलकर कहा कि कुछ कॉलेज तथा डिपार्टमेंट ने उनका नामांकन लेने के बाद फॉर्म रिजेक्ट कर दिया तो कहीं नामांकन भी ले लिया है। छात्र नामांकन शुल्क भी जमा कर चुके हैं। छात्र नेता ओम प्रकाश ने कहा कि इंटिग्रेटेड बीएड के छात्र पीजी में नामांकन के लिए योग्य हैं। जिस तरह से सभी छात्र नामांकन के लिए परेशान है। छात्रों के जाने के बाद विवि के अधिकारियों ने इसपर मंथन किया। सूत्रों ने बताया कि इस मामले को कुलपति के समक्ष रखा जायेगा। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि पीजी तथा इंटिग्रेटेड बीएड के रेगुलेशन को देखने के बाद छात्रों के नामांकन के लिए आदेश दिया जाएगा। एडमिशन कमेटी का जो भी निर्णय होगा छात्रहित में होगा। बीआरएबीयू में बीएससी बीएड कोर्स को साइंस के विषयों में पीजी के बराबर करने के लिए विवि पहल करने जा रहा है। इसके लिए विवि में इक्यूवैलेंस कमेटी की बैठक कराई जायेगी। विवि इसके लिए तैयारी कर रहा है। उधर, डीएसडब्ल्यू ने सभी कॉलेजों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वह पीजी में दाखिला लेने से पहले सभी दस्तावेज जांच कर लें। विवि प्रशासन को सूचना मिली थी कि एक बड़े कॉलेज में बिना एडमिशन कमेटी की बैठक हुए चार वर्षीय इंटिग्रेटेड बीएड के छात्र का दाखिला पीजी में ले लिया है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.02.2025, PAGE-06

## पांच हजार छात्रों को देनी होगी पूरे विषय की परीक्षा

पार्ट वन की विशेष परीक्षा में लगभग पांच हजार छात्रों ने सभी विषयों की परीक्षा दी है। इन छात्रों को अब पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा में भी सभी विषयों की परीक्षा देनी होगी। पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा के रिजल्ट के बाद पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा ली जायेगी। रिजल्ट आने के बाद परीक्षा का फार्म भराया जायेगा। बिहार विवि पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा के बाद स्पेशल परीक्षा पार्ट थ्री भी लेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:21.02.2025
PAGE-04


## पीजी में नामांकन 28 तक

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी सत्र 2024-26 में पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर 28 फरवरी तक नामांकन होगा। अब तक विभाग व कालेजों को मिलाकर करीब 40 प्रतिशत ही नामांकन हो सका। चार हजार ही नामांकन हो सके। कई कालेजों में मैट्रिक परीक्षा के कारण नामांकन प्रक्रिया बाधित है। इससे तिथि विस्तारित की गई है। (जासं)

## पैट 2022 कोर्स वर्क वरदान

मुजफ्फरपुर : विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क (पैट-2022) का ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. डा.रवि कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह कोर्स वर्क आप सभी के लिए वरदान साबित होगा। इसी कोर्स वर्क से आप सभी को शोध किस प्रकार करना है उसकी क्या रूप रेखा होगी, ये विभिन्न प्रकार की जानकारी मिलेगी। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:21.02.2025
PAGE-04

# कोर्स वर्क शोध करने की क्षमता जाग्रत करता है

**मुजफ्फरपुर** .विश्वविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क (पैट-2022) के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो डॉ रवि श्रीवास्तव ने की. उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए छात्रों को कहा कि यह कोर्स वर्क सभी के लिए वरदान साबित होगा. इसी कोर्स वर्क से आप सभी को शोध किस प्रकार करना है. उसकी रूप रेखा, उसमें क्या परेशानियां आयेगी, उसे किस प्रकार दूर करना है. वहीं किस प्रकार डेटा कलेक्ट करना है. इस बारे में जानकारी दी जायेगी. ये विभिन्न प्रकार की जानकारी कोर्स वर्क के माध्यम से ही मिलेगी. यदि इसकी जानकारी अधूरी है तो छात्र एक सफल शोधकर्ता नहीं बन सकते. वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के डीन प्रो सैयद आले मुजतबा ने बताया कि सभी नये नामांकित शोध के छात्र हैं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 21.02.2025, PAGE-04**

## पीजी सत्र 2024-26. बीआरएबीयू ने एडमिशन डेट आगे बढ़ायी

# मेरिट लिस्ट से 28 तक एडमिशन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

पीजी सत्र 2024-26 में पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर एडमिशन के लिए तिथि बढ़ा दी गयी है. बीआरएबीयू के आदेश के तहत अब 28 फरवरी तक एडमिशन होगा. पहले 20 फरवरी तक ही एडमिशन का समय दिया गया था. बताया जा रहा है कि 25 फरवरी को मैट्रिक की परीक्षा खत्म होने के बाद एडमिशन में तेजी आयेगी. अब तक विभाग व कॉलेजों को मिलाकर करीब 40 फीसदी अभ्यर्थियों ने ही एडमिशन लिया है. कई कॉलेजों में बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के कारण एडमिशन की प्रक्रिया बाधित होने की शिकायत मिल रही थी. इसको लेकर तिथि विस्तारित की गयी है. दूसरी ओर विभागों में भी एडमिशन की गति धीमी है. दो-तीन विषयों को छोड़कर अन्य विषयों में अभ्यर्थी एडमिशन के लिए नहीं आ रहे हैं. विश्वविद्यालय की ओर से सभी विभागाध्यक्ष व संबंधित कॉलेज के प्राचार्यों को कहा गया है कि एडमिशन लेने के साथ ही पोर्टल पर भी अपडेट करते रहें. इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है. आधा दर्जन विभागों के साथ ही कई कॉलेजों ने भी अब तक पोर्टल पर एक भी नामांकन अपडेट नहीं किया है. आठ दिन का समय बढ़ने के बाद पोर्टल पर अपडेट करने की गति और धीमी हो जायेगी.

**11 हजार से अधिक सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया**

पीजी सत्र 2024-26 में एडमिशन की प्रक्रिया 10 फरवरी से चल रही है. विवि के पीजी विभाग और कॉलेजों में साढ़े 11 हजार से अधिक सीटों के लिए एडमिशन चल रहा है. फरवरी के पहले सप्ताह में 10,794 छात्र-छात्राओं की पहली मेरिट लिस्ट जारी की गयी थी. इसमें शामिल अभ्यर्थियों को 10 से 20 फरवरी तक आवंटित विभाग व कॉलेजों में एडमिशन लेने को कहा गया था. बताया गया कि गुरुवार तक 4 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने एडमिशन लिया है. दरअसल, सभी प्रमुख कॉलेजों में मैट्रिक की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है, जिसके कारण कॉलेज का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है. इसको लेकर तिथि बढ़ायी गयी है.

## चार वर्षीय बीएड पीजी दाखिले में परेशानी

### कुलसचिव से मिले छात्र

**मुजफ्फरपुर.** चार वर्षीय बीएड के छात्रों का पीजी में दाखिला नहीं हो पा रहा है. छात्रों का कहना है कि 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स नयी शिक्षा नीति के तहत नहीं की गई है. इसलिए इंटीग्रेटेड बीएड के छात्र 2 वर्षीय पीजी करने के लिए ही योग्य हैं, एक वर्षीय पीजी के लिए नहीं. क्योंकि इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स की अवधि चार वर्षों की है. लेकिन यह सिर्फ स्नातक की डिग्री नहीं है, यह स्नातक के साथ बीएड की भी डिग्री है.

गुरुवार को इंटीग्रेटेड बीएड के छात्र कुलसचिव से मिले. इस दौरान छात्रों ने कहा कि कुछ कॉलेज तथा डिपार्टमेंट में उनका नामांकन लेने के बाद उनका फॉर्म रिजेक्ट किया गया, तो कहीं नामांकन भी ले लिया है. छात्र नामांकन शुल्क भी जमा कर चुके हैं.
इंटीग्रेटेड बीएड के छात्रों का पहला सत्र है, जो पीजी में नामांकन होगा. इस वजह से विवि को इस कोर्स के छात्रों का नामांकन लेने में समस्या हो रही है. मामले में डीएसडब्ल्यू ने कहा कि पीजी व इंटीग्रेटेड बीएड के रेगुलेशन को देखने के बाद छात्रों का नामांकन के लिए आदेश दिया जायेगा.

एडमिशन कमेटी का जो भी निर्णय होगा छात्रहित में होगा. छात्र नेता ओम प्रकाश ने कहा कि इंटीग्रेटेड बीएड के छात्र 2 वर्षीय पीजी में नामांकन के लिए योग्य है. जिस तरह से सभी छात्र नामांकन के लिए परेशान है.

उसे देखते हुए विश्वविद्यालय नोटिस जारी कर इस असमंजस की स्थिति को दूर करें, पीजी में नामांकन की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है. मौके पर उज्जवल, पंकज, दीपांकर, राजकुमार, जितेश, रितु, दिव्या, निहारिका, शिवानी सहित कई छात्र उपस्थित थे.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन करें.